**The Speaker informed the House that Shri Hanuman Beniwal, the elected member from Nagaur Parliamentary Constituency in Rajasthan has resigned from the membership of Lok Sabha w.e.f. 15th December, 2023**

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को सूचित करना है कि राजस्थान के नागौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित श्री हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा की अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है ।

मैंने 15 दिसंबर, 2003 से उनके त्यागपत्र को स्वीकार कर लिया है ।

---

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** जोशी जी, क्या आप बोलना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री**;** कोयला मंत्री तथा खान मंत्री **(**श्री प्रहलाद जोशी**):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं इतना ही बोलना चाहता हूं कि बीएसी में जो निर्णय हुआ था, उसमें सर्वसम्मति से स्वीकृति हुई थी कि सदन में हम प्लेकार्ड्स नहीं लाएंगे । आपने जब निवेदन किया था तब किसी ने इसका विरोध नहीं किया था और सबने, सभी पार्टियों ने स्वीकृति दी थी कि हम तख्तियां अंदर नहीं लाएंगे । ? (व्यवधान)

मैं निवेदन करता हूं, प्रेक्टिकली यह सेशन 17 वीं लोकसभा का अंतिम सेशन है । जो बाद में होता है, वह वोट ऑन एकाउंट पर होता है, इसीलिए चर्चा करनी चाहिए । ? (व्यवधान) बहुत महत्वपूर्ण बिल भी हैं । अगर ये कोई विषय उठाते हैं तो हम सब चर्चा के लिए तैयार हैं । ? (व्यवधान) इस तरीके से हंगामा खड़ा करना, जबकि जब आप बार-बार निवेदन कर रहे हैं । ? (व्यवधान) आपने सब एमपीज़ को लैटर लिखा है । ? (व्यवधान) आपने प्रिसिंडेंट का उल्लेख करते हुए लैटर लिखा है । ? (व्यवधान) इसलिए मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि जो प्लेकार्ड्स लाए हैं, इसे विदड्रॉ करें । ? (व्यवधान) महत्वपूर्ण चर्चा होनी चाहिए । ? (व्यवधान) यह सदन चर्चा के लिए है । ? (व्यवधान) हम सदन में चर्चा करना चाहते हैं, प्रश्न काल चलाना चाहते हैं ।? (व्यवधान) मैं फिर से दोहराना चाहता हूं । Practically, this is the last session. ? (*Interruptions*)

मैं निवेदन करता हूं, हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि जो निर्णय आपके समक्ष हुआ था, उसे स्वीकृति दी थी, इसलिए कृपया इसका पालन करके सदन चलाने के लिए बड़ा मन करके सदन चलाएं । ? (व्यवधान) यही मेरी प्रार्थना है । ? (व्यवधान)

**<u>12.00 hrs</u>**